# दूसरे दिन भी गिरावट के साथ शेयर बाजार बंद

मुंबई, 14 फरवरी (भाषा)।

शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों और निफ्टी में शुक्रवार को करीब आधा फीसद की गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले गुरुवार को भी बाजार लाल निशान में बंद हुआ था। दूरसंचार कंपनियों के 1.47 लाख करोड़ रुपए का राजस्व बकाये का भुगतान नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख के चलते बैंकिंग शेयरों पर दबाव बढ़ गया।



इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सूचकांक 202.05 अंक या 0.49 फीसद गिरकर 41,257.74 पर बंद हुआ। सूचकांक में शामिल 22 शेयर घाटे में बंद हुए। एनएसई निफ्टी 61.20 अंक या 0.50 फीसद गिरकर 12,113.50 पर बंद हुआ। दिन में बैंकिंग, ऑटो, एफएमसीजी और एनर्जी शेयरों में बिकवाली देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट ने दूरसंचार कंपनियों के खिलाफ 1.47 लाख करोड़ रुपए के समेकित सकल राजस्व (एजीआर) की अदायगी के न्यायिक आदेश पर अमल नहीं करने पर शुक्रवार को कंपनियों को नोटिस जारी कर पूछा कि क्यों नहीं उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही की जाए। इस आदेश से प्रभावित दूरसंचार कंपनियों को कर्ज देने वाले बैंकों के शेयरों में दबाव देखने को मिला। वोडाफोन आइडिया के कर्जदाताओं पर दबाव दिखा।

सूचकांक में इस दौरान इंडसइंड बैंक में सबसे अधिक 4.38 फीसद की गिरावट देखने को मिली। इसके अलावा पावरग्रिड, एसबीआई, हीरो मोटोकॉर्प और एनटीपीसी भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर भारती एअरटेल 4.69 फीसद की तेजी के साथ सबसे अधिक बढ़ने वाला शेयर रहा। विश्लेषकों का अनुमान है कि भारतीय दूरसंचार उद्योग अब निजी क्षेत्र की दो कंपनियों के अधिकारी की ओर बढ़ रहा है। वोडाफोन आइडिया, जिस पर 53,000 करोड़ रुपए का राजस्व बकाया है, के शेयरों में 23.21 फीसद की गिरावट हुई।

कारोबारियों का कहना है कि 17 मार्च तक बकाये का भुगतान करने के लिए दूरसंचार कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के चलते बैंकों की परिसंपत्तियों की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, क्योंकि उन्होंने इस क्षेत्र में अच्छा खासा कर्ज दे रखा है।

# एनएसई ने तीन ब्रोकरों के डिफॉल्टर होने पर रद्द की सदस्यता

नई दिल्ली, 14 फरवरी (भाषा)।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने तीन शेयर ब्रोकर- वीराइज सिक्योरिटीज, केनेट फाइनेंस और बीएमए वेल्थ क्रिएटर्स की सदस्यता रद्द कर दी है। इसकी वजह शेयर बाजार के नियामकीय प्रावधानों का पालन नहीं करने के चलते उन्हें डिफॉल्टर घोषित किया जाना है। एनएसई ने तीन अलग-अलग परिपत्रों में यह जानकारी दी।

एनएसई ने कहा कि तीनों ब्रोकरों की सदस्यता 13 फरवरी से रद्द मानी जाएगी। इसकी वजह इनका एनएसई के दिशा निर्देशों का अनुपालन करने में विफल रहना है। एनएसई के दिशा निर्देशों के अनुसार शेयर ब्रोकरों को किसी भी तरह की गैर-पेशेवराना या अनैतिक गतिविधि में शामिल नहीं होने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करना होता है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने वीराइज सिक्योरिटीज के नियमों का अनुपालन नहीं करने के चलते जनवरी में उस पर छह माह के लिए नए ग्राहकों का पंजीकरण करने से रोक दिया था। इसके अलावा जनवरी में ही प्रतिभूति अनुबंध विनियम अधिनियम का पालन नहीं करने के चलते ब्रोकर पर सेबी ने तीन लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। इसके अलावा सेबी ने पिछले महीने ग्राहकों की प्रतिभूतियां अलग करने में विफल रहने पर बीएमए वेल्थ क्रिएटर्स (अब बीआरएच वेल्थ क्रिएटर्स) पर अंतरिम आदेश दिया था। सेबी ने गुरुवार को कहा कि उसने ब्रोकरों द्वारा ग्राहकों की प्रतिभूतियों के गलत इस्तेमाल और निवेशकों के कोष को स्थानांतरित करने के मामलों को समय रहते पकड़ने के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली विकसित की है। सेबी ने यह प्रणाली कुछ ब्रोकरों के ग्राहकों की प्रतिभूतियों का दुरुपयोग करने के मामले सामने आने के बाद विकसित की है।

# ‘एअर इंडिया की बिक्री अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही में होने का अनुमान’

नई दिल्ली, 14 फरवरी (भाषा)।

सरकार को अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही में विमानन कंपनी एअर इंडिया की बिक्री पूरा हो जाने का अनुमान है। निवेश व लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पांडेय ने आम बजट के बारे में वित्तीय मामलों के विशेषज्ञों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार ने विनिवेश की रणनीति में बदलाव किया है और अब सरकारी कंपनियों की छोटी हिस्सेदारियों के बजाय रणनीतिक हिस्सेदारी की बिक्री की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष में वृहद स्तर पर निजीकरण होगा। पांडेय ने बीपीसीएल, कॉनकॉर और शिपिंग कॉरपोरेशन के संदर्भ में नवंबर में कहा था कि सरकार ने बड़े विनिवेश का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम तेजी से आगे बढ़े हैं। एअर इंडिया के लिए रुचिपत्र सार्वजनिक किए जा चुके हैं। हम 2020-21 की पहली छमाही में इन सौदों को पूरा कर लेना चाहते हैं। सरकार ने पिछले सप्ताह एअर इंडिया की सौ फीसद हिस्सेदारी बेचने के लिए प्रारंभिक सूचना ज्ञापन जारी किया था। इसके साथ ही एअर इंडिया एक्सप्रेस की सौ फीसद हिस्सेदारी व एअर इंडिया एसएटीएस एअरपोर्ट सर्विसेज की पचास फीसद हिस्सेदारी की भी बिक्री की जाएगी। रुचिपत्र जमा करने की समयसीमा 17 मार्च तक है।

विशेषज्ञों से बजट पर यह चर्चा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अगुआई में हुई। इस मौके पर आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अतनु चक्रवर्ती भी उपस्थित रहे। चक्रवर्ती ने विदेशी शेयर बाजारों में भारतीय कंपनियों को सीधे सूचीबद्ध किए जाने को लेकर उद्योग जगत से सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि सरकार एक योजना पर काम कर रही है, क्योंकि कई कंपनियां घरेलू शेयर बाजारों के साथ ही विदेशी शेयर बाजारों में भी सूचीबद्ध होना चाहती हैं। इस बारे में चर्चा अंतिम चरणों में है।

# सोने में 75 व चांदी में 147 रुपए की तेजी

नई दिल्ली, 14 फरवरी (भाषा)।

रुपए में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 75 रुपए की तेजी के साथ 41,481 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के अनुसार इसी प्रकार चांदी भी 147 रुपए की तेजी के साथ 47,036 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

इससे पूर्व के कारोबार में चांदी भाव 46,889 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। गुरुवार को सोने का भाव 41,406 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।


कार्यालय

आयकर आयुक्त (न्यायिक)

कमरा सं. 162-A के.रा. भवन, नई दिल्ली

दूरभाष/फैक्स: 23379308,

ई मेल- delhi.cit.judicial@incometax.gov.in

फा.सं.आ.आ.(न्या.)/विविध/2019-20/1599/1557 दिनांक:- 29.01.2020

**एन.सी.एल.टी. विषयों के मामलों की सुनवाई से संबंधित नोटिस**

एन.सी.एल.टी. विषयों/मामलों के संबंध में आवश्यक अनुपालन के लिए निम्नलिखित कंपनियों और उनके निदेशकों को एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है, जो माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (National Company Law Tribunal) सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली के समक्ष नीचे दी गई तालिका में कॉलम संख्या 4 में उल्लिखित तारीखों में सुनवाई के लिए नियत है:-

| क्र. सं. | मामला सं. व मामला शीर्षक | ज्ञात निदेशकों का नाम | सुनवाई की अगली तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | अपील सं. 841/252/एन.डी./2019 आयकर अधिकारी, वार्ड-17(2) बनाम आर.ओ.सी. (मैसर्स मिनरवा बिल्डटेक प्रा.लि.) PAN: AAHCM3078L | 1. अशोक कुमार दत्ता डी.आई.एन.: 03374061<br>2. सुशील कुमार डी.आई.एन.: 03374070 | 18.02.2020 |
| 2. | अपील सं. 762/252/एन.डी./2019 आयकर अधिकारी, वार्ड-1(1) बनाम आर.ओ.सी. (मैसर्स ए2जैड वेब्लोजीक्स प्रा.लि.) PAN: AAICA0826B | 1. धर्मेन्द्र नाथ पांडे डी.आई.एन.: 02718426<br>2. विशाल गौतम डी.आई.एन.: 02718451 | 17.03.2020 |
| 3. | अपील सं. 763/252/एन.डी./2019 आयकर अधिकारी, वार्ड-11(4) बनाम आर.ओ.सी. (मैसर्स हशडोमेंन हॉस्पिटेलिटी सॉल्यूशनस प्रा.लि.) PAN: AABCH9011Q | 1. हर्शा ओबरॉय डी.आई.एन.: 00552841<br>2. विकास बजाज डी.आई.एन.: 01503889<br>3. कुलवंत सिंह होरा डी.आई.एन.: 01530273<br>4. संजय गाँधी डी.आई.एन.: 01530284 | 17.03.2020 |
| 4. | अपील सं. सीपी/11(252)एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-22(1) बनाम आर.ओ.सी. (मैसर्स एस एन बिल्डटेक प्रा.लि.) PAN: AAJCS1845B | 1. सजीत कौर डी.आई.एन.: 01322915<br>2. गुरिन्द्र सिंह नरूला डी.आई.एन.: 01811625<br>3. निमरत सिंह नरुला डी.आई.एन.: 05347048 | 19.03.2020 |
| 5. | अपील सं. 07/252//एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-2(4) बनाम आर.ओ.सी. (मैसर्स अंसारी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि.) PAN: AAICA8844P | 1. विनेश कुमार यादव डी.आई.एन.: 03195224<br>2. मोहम्मद शफीक डी.आई.एन.: 03197897<br>3. मिधुद शफीक डी.आई.एन.: 03198014 | 19.03.2020 |
| 6. | अपील सं. 17/252//एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-22(1) बनाम आर.ओ.सी. एंड अदर्स (मैसर्स सभ्रवाल ओवरसीज प्रा.लि.) (PAN: AAJC88576M) | 1. अजीत सिंह<br>2. कुलप्रीत सिंह | 19.03.2020 |
| 7. | अपील सं. 10/252//एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-22(1) बनाम आर.ओ.सी. एंड एस. एंड जी. इनोवेटर्स प्रा.लि.) (PAN: AAICS3201L) | 1. सौरभ जैन डी.आई.एन.: 03451975<br>2. धर्मेंद्र यादव डी.आई.एन.: 05261126<br>3. रवि कुमार गुप्ता डी.आई.एन.: 06660674<br>4. प्रमोद कुमार बंसल डी.आई.एन.: 06660848 | 19.03.2020 |
| 8. | अपील सं. 14/252//एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-2(4) बनाम आर.ओ.सी. एंड अंगद सिक्यूरिटी एंड सर्विसेज प्रा.लि. (PAN: AAICA7569B) | 1. मनीष मिश्रा डी.आई.एन.: 02979352<br>2. अपर्णा दुबे डी.आई.एन.: 02208332 | 19.03.2020 |
| 9. | अपील सं. सीपी/15/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-2(4) बनाम आर.ओ.सी. एंड अनिल डिस्पले प्रा.लि.) (PAN: AAACA1495Q) | 1. अनिल कुमार श्रीवास्तव डी.आई.एन.: 03348600<br>2. विशाल सिंह डी.आई.एन.: 06995542<br>3. सुधा श्रीवास्तव डी.आई.एन.: 07032453 | 19.03.2020 |
| 10. | अपील सं. सीपी/18/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-15(4) बनाम आर.ओ.सी. एंड लॉर्डशिवा रियलइन्फ्रास्टेक प्रा.लि. (PAN: AABCL7833J) | 1. सरला देवी भदौरिया डी.आई.एन.: 03012733<br>2. प्रवल प्रताप सिंह डी.आई.एन.: 03012788 | 19.03.2020 |
| 11. | अपील सं. 54/252//एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-6(2) बनाम आर.ओ.सी. एंड कॉमेस्ट ट्रेडर्स इंडिया प्रा.लि.) (PAN: AAFCC5961J) | 1. मुकेश शर्मा<br>2. विकास शर्मा | 19.03.2020 |
| 12. | अपील सं. सीपी/28/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-6 (2) बनाम आर.ओ.सी.एंड कम्फ्रटैबल ट्रेवल्स प्रा. लि. (PAN:AAACC5001G) | 1. अलका टंडन डी.आई.एन.: 01189774<br>2. अक्षय सुनील टंडन डी.आई.एन.: 05107212 | 19.03.2020 |
| 13. | अपील सं. सीपी/32/252// एन. डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-8 (1) बनाम आर.ओ.सी.एंड ऐज मेडिकल सॉल्यूशन प्रा. लि. (PAN:AADCE8462E) | 1. रंजन कुमार डी.आई.एन.: 07036897<br>2. सीमा डी.आई.एन.: 07036903 | 19.03.2020 |
| 14. | अपील सं. /31/252// एन. डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-6 (2) बनाम आर.ओ.सी.एंड कलर्स मार्केटिंग प्रा. लि. (PAN:AADCC7255K) | 1. कपिल कुमार डी.आई.एन.: 02743732<br>2. नरेन्द्र बीर सिंह डी.आई.एन.: 03423991<br>3. हरिन्द्र सिंह डी.आई.एन.: 03424046 | 19.03.2020 |
| 15. | अपील सं. सीपी/36/252// एन. डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-7 (1) बनाम आर.ओ.सी.एंड डिओ इंटिरियर प्रा. लि. (PAN:AACCD6411D) | 1. भूदेव प्रसाद शर्मा<br>2. नूतन शर्मा | 19.03.2020 |
| 16. | अपील सं. 24/252/ एन. डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-6 (2) बनाम आर.ओ.सी.एंड कलैक्टिव ग्रोथ रियलटी प्रा. लि. (PAN:AAECC2067Q) | 1. मुकुल गर्ग डी.आई.एन.: 0144654568<br>2. अनुज दादु डी.आई.एन.: 06785066 | 19.03.2020 |
| 17. | अपील सं. 35/252/ एन. डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-6 (2) बनाम आर.ओ.सी.एंड क्लीयर व्यू इंटरनेट सॉल्यूशन प्रा. लि. (PAN:AADCC8454N) | 1. राजेश शर्मा डी.आई.एन.: 01441812<br>2. शांति कुमारी डी.आई.एन.: 01441834 | 19.03.2020 |
| 18. | अपील सं. सीपी/25/ एन. डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-23 (3) बनाम आर.ओ.सी.एंड श्री हरि अप्परेल्स प्रा. लि. (PAN:AAPCS5941J) | 1. विकास सिंह डी.आई.एन.: 03472855<br>2. विनोद शर्मा डी.आई.एन.: 03472858 | 19.03.2020 |
| 19. | अपील सं. 972/252 एन. डी./2019 सहायक आयकर आयुक्त सर्कल-14 (2) बनाम आर.ओ.सी.एंड (मैसर्स खजांची स्टीलस् प्रा. लि.) (PAN:AAACK1311M) | 1. दिवाकर मिश्रा डी.आई.एन.: 01897567<br>2. ब्रिज राज मिश्रा डी.आई.एन.: 01897570 | 22.03.2020 |
| 20. | अपील सं. 971/252 एन.डी./2019 आयकर अधिकारी वार्ड-4(4), बनाम मैसर्स आर.ओ. सी. (मैसर्स भीष्म पैन प्रोडैक्ट्स प्रा. लि.) (PAN:AAFCB5867N) | 1. पवन कुमार शर्मा डी.आई.एन.: 01709632<br>2. मनोज सांखी डी.आई.एन.: 06712075 | 22.03.2020 |
| 21. | अपील सं. 530/252 एन.डी./2019 उप आयकर आयुक्त सर्कल-20 (1) बनाम आर.ओ. सी. एंड प्लूटोनिक्स् सॉफ्टवेयर प्रा. लि.) (PAN:AAFCD0208F) | 1. राजेश मुंजल कुमार डी.आई.एन.: 06825531<br>2. रोहित कुमार डी.आई.एन.: 06825552 | 24.03.2020 |
| 22. | अपील सं. 849/252 एन.डी./2019 आयकर अधिकारी वार्ड-21(1) बनाम आर.ओ. सी. एंड रामा कृष्णा कैटरिंग सर्विसेज प्रा. लि.) (PAN:AAFCR1460D) | 1. सुभाष चन्द्र डी.आई.एन.: 01655883<br>2. विष्णु दत्त डी.आई.एन.: 03401985 | 24.03.2020 |
| 23. | अपील सं. 85/1/252 एन.डी./2019 आयकर अधिकारी वार्ड-15(2) बनाम आर.ओ. सी. एंड लेमन टूर एंड ट्रैवल प्रा. लि.) (PAN:AABCL9578Q) | 1. धीरज कुमार डी.आई.एन.: 03294901<br>2. मदन मोहन डी.आई.एन.: 03388158<br>3. विशाल शर्मा डी.आई.एन.: 03388171<br>4. आशुतोष ठाकुर कुमार डी.आई.एन.: 06417318 | 24.03.2020 |
| 24. | अपील सं. 1/252 एन.डी./2020 सहायक आयकर आयुक्त, सर्कल-26(2) बनाम आर.ओ. सी. एंड (मैसर्स वी.एस.ट्यूब टैक प्रा. लि.) (PAN:AAACV3234A) | 1. रॉकी जैन<br>2. नीरज जैन | 26.03.2020 |
| 25. | अपील सं. सीपी/4/एन.डी./2020 सहायक आयकर आयुक्त सर्कल-9 (3 (1) मुम्बई बनाम आर.ओ.सी. एंड फेम डिलिटल प्रा. लि.) (PAN:AABCF8748G) | 1. रौनक अशोक सुरानी डी.आई.एन.: 07601935<br>2. अशोक हरजिभाई सुरानी डी.आई.एन.: 07626403 | 26.03.2020 |
| 26. | अपील सं. 125/252/ एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-22 (1) बनाम आर.ओ.सी. एंड मैसर्स (एस.जे.प्रॉटैक्शन प्रा. लि.) (PAN:AAFCS3310R) | 1. सुशील कुमार सिंह डी.आई.एन.: 01011113<br>2. मरियम सुशील सिंह डी.आई.एन.: 01017099 | 30.03.2020 |
| 27. | अपील सं. 1933/252/एन.डी./2019 आयकर अधिकारी, वार्ड-8 (2) बनाम आर.ओ.सी. एंड (मैसर्स अमेरी बिल्डटेक इंडिया प्रा. लि.) (PAN:AAECE2845E) | 1. जितेन्द्र सिंह डी.आई.एन.: 06811650<br>2. राजपाल डी.आई.एन 06811654 | 31.03.2020 |
| 28. | अपील सं. 12/252/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-2(4) बनाम आर.ओ.सी. एंड अनुविजय मरकनटाइल्स प्रा.लि. (PAN:AAJCA1874E) | 1. ओम प्रकाश बंशल डी.आई.एन.: 00537662<br>2. आशुतोष कुमार सिन्हा डी.आई.एन.: 00537824 | 07.04.2020 |
| 29. | अपील सं. 16/252/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-2(4) बनाम आर.ओ.सी. एंड आनन्द लक्ष्मण स्टील सिंडिकेट प्रा.लि. (PAN:AAKCA5206F) | 1. अनिता रानी सिंघल डी.आई.एन.: 02503102<br>2. अनिल कुमार सिंघल डी.आई.एन.: 02789095 | 07.04.2020 |
| 30. | अपील सं. 19/252/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-12(3) बनाम आर.ओ.सी. एंड गोर्जा बिल्डर्स प्रा.लि. (PAN:AACCG2154L) | 1. सचिन वर्मा डी.आई.एन.: 00141612<br>2. सीमा वर्मा डी.आई.एन.: 00141624 | 07.04.2020 |
| 31. | अपील सं. 26/252/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-22(1) बनाम आर.ओ.सी. एंड एस डी बिल्डकोन प्रा.लि. (PAN:AAJCS1273K) | 1. गोपाल गुप्ता डी.आई.एन.: 00917579<br>2. शंकर गुप्ता लाल डी.आई.एन.: 00524924 | 07.04.2020 |
| 32. | अपील सं. 33/252/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-22(4) बनाम आर.ओ.सी. एंड सत्कार कन्टेन्र ट्रांस्पोर्टेशन प्रा.लि. (PAN:AAVCS3235P) | 1. ओम प्रकाश साव डी.आई.एन.: 06368814<br>2. अंजली साव डी.आई.एन.: 06368818 | 07.04.2020 |
| 33. | अपील सं. 803/252/एन.डी./2019 आयकर अधिकारी, वार्ड-25(2) बनाम आर.ओ.सी. एंड टी एंड एच एजुकेशन प्रा.लि. (PAN:AACCT5650L) | 1. अजय कुमार बिशनोई डी.आई.एन.: 00013917<br>2. अमूल गबरानी डी.आई.एन.: 00016556 | 14.04.2020 |
| 34. | अपील सं. 801/252/एन.डी./2019 आयकर अधिकारी, वार्ड-24(3) दिल्ली बनाम आर.ओ.सी. एंड सनबिजइंडिया नेटवर्क एंड मार्केटिंग प्रा.लि. (PAN:AAPCS2647K) | 1. बलजीत कौर डी.आई.एन.: 03346141<br>2. जसपाल सिंह डी.आई.एन.: 03346163 | 14.04.2020 |
| 35. | अपील सं. 804/252/एन.डी./2019 आयकर अधिकारी, वार्ड-17(3) बनाम आर.ओ.सी. एंड एम के आर ट्रेडिंग प्रा.लि. (PAN:AAICS3344J) | 1. तरूण डी.आई.एन.: 06564834<br>2. विकास डी.आई.एन.: 06745591 | 14.04.2020 |
| 36. | अपील सं. 76/252/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-25(1) बनाम आर.ओ.सी. एंड तक्षाती कन्सल्टिंग प्रा.लि. (PAN:AACCT8421H) | 1. मनसीज चौधरी डी.आई.एन.: 01662124<br>2. चंदरानी चौधरी डी.आई.एन.: 01662172 | 14.04.2020 |
| 37. | अपील सं. 74/252/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-22(4) बनाम आर.ओ.सी. एंड स्विाटज इन्फॉटेक प्रा.लि. (PAN:AASCS7978N) | 1. तरूण कुमार डुडेजा डी.आई.एन.: 06471736<br>2. गौरव जैन डी.आई.एन.: 07628061 | 14.04.2020 |
| 38. | अपील सं. 652/252/एन.डी./2019 सहायक आयकर आयुक्त, सर्कल-17(2) बनाम आर.ओ.सी. एंड (मनी वाइज सिक्युरिटीज (इंडिया) प्रा.लि.) (PAN:AAGCM7086F) | 1. नीरज बिंदल डी.आई.एन.: 02440689<br>2. समीर सोई डी.आई.एन.: 03155734 | 14.04.2020 |
| 39. | अपील सं. 73/252/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-22(4) बनाम आर.ओ.सी. एंड सवी ज्वैलस प्रा.लि. (PAN:AANCS9557N) | 1. सविता गर्ग डी.आई.एन.: 02877391<br>2. रमेश कुमार गर्ग डी.आई.एन.: 02882906 | 14.04.2020 |
| 40. | अपील सं. 75/252/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-2(4) बनाम आर.ओ.सी. एंड अंतिक्ष बिल्डवेल प्रा.लि. (PAN:AAFCA1584P) | 1. गौतम सरकार डी.आई.एन.: 02315947<br>2. नरसिंह बहादुर सिंह डी.आई.एन.: 02338241 | 14.04.2020 |
| 41. | अपील सं. 102/252/एन.डी./2020 सहायक आयकर आयुक्त, सर्कल-5(1) बनाम आर.ओ.सी. एंड बिग सेल रिटेल बाजार प्रा.लि.) (PAN:AAECB9037F) | 1. विजय सिंह डी.आई.एन.: 02206434<br>2. अंकुर चौधरी डी.आई.एन.: 05197883 | 14.04.2020 |
| 42. | अपील सं. 100/252/एन.डी./2019 आयकर अधिकारी, वार्ड-26(4) बनाम आर.ओ.सी. एंड मैसर्स विसर्व कॉर्पोरेट सर्विसेज प्रा.लि. (PAN:AACCV4007B) | 1. राजीव नारायण<br>2. रानी नारायण | 14.04.2020 |
| 43. | अपील सं. 998/252/एन.डी./2019 सहायक आयकर आयुक्त, सर्कल-9(2) बनाम आर.ओ.सी. एंड फ्यूचर एक्सिमसोर्सेज एवं बिजनेस सलूशन प्रा.लि.) (PAN:ACCF3471B) | 1. मनोज सिंह डी.आई.एन.: 06995264<br>2. प्रवीण दत्त डी.आई.एन.: 06995285<br>3. हरमिंदर सिंह डी.आई.एन.: 07424479 | 15.04.2020 |
| 44. | अपील सं. 996/252/एन.डी./2019 सहायक आयकर आयुक्त, सर्कल-18(1) बनाम आर.ओ.सी. एंड नजर ट्रेडिंगस प्रा.लि.) (PAN:AABCN6119M) | 1. मनोज कुमार डी.आई.एन.: 00988908<br>2. विजय कुमार डी.आई.एन.: 01196956 | 15.04.2020 |
| 53. | अपील सं. 34/252/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-6 (2) बनाम आर.ओ.सी. एंड (क्लासिक इंफ्राबिल्ड प्रा. लि.) PAN:AADCC1703E | 1. हरलीन लिखारी डी.आई.एन.: 00531712<br>2. दीपू लिखारी डी.आई.एन 00704634 | 16.04.2020 |
| 54. | अपील सं. 30/252/एन.डी./2020 आयकर आयुक्त, सर्कल-22 (1) बनाम आर.ओ.सी. एंड (एस.आर.बिल्डएस्टेट प्रा. लि.) (PAN:AALCS3471R) | 1. रमेश इस्सर डी.आई.एन.: 02298373<br>2. होर्स्ट डिटर रूहल डी.आई.एन 02439371<br>3. हंस जोचिम थियोडोर डी.आई.एन 02439388 | 16.04.2020 |
| 55. | अपील सं. 38/252/एन.डी./2020 आयकर अधिकारी, वार्ड-6 (2) बनाम आर.ओ.सी. एंड (क्लबमैक्स ट्रेडिंग प्रा. लि.) (PAN:AAGCC4835N) | 1. दीपक खेरा डी.आई.एन.: 07514221<br>2. रोहन अग्रवाल डी.आई.एन 07514869 | 16.04.2020 |
| 56. | अपील सं. 858/252/एन.डी./2019 आयकर अधिकारी, वार्ड 15 (2) बनाम आर.ओ.सी. एंड (मैसर्स लियो ट्रांजिटोस प्रा. लि.) (PAN:AABCL6578N) | 1. हरलीन कौर डी.आई.एन.: 02667595<br>2. दीपिका ऋषि डी.आई.एन 02675256 | 28.04.2020 |
| 57. | अपील सं. 857/252/एन.डी./2019 आयकर अधिकारी, वार्ड 15 (2) बनाम आर.ओ.सी. (मैसर्स लिवरेज रिसोर्टस प्रा. लि.) PAN:AABCL9220F | 1. आभा त्यागी डी.आई.एन.: 02985714<br>2. शिवाली त्यागी डी.आई.एन 03188253<br>3. मनीष वाधवा डी.आई.एन 03208266 | 28.04.2020 |
| 58. | अपील सं. 977/252/एन.डी./2019 आयकर अधिकारी, वार्ड 20 (1) बनाम आर.ओ.सी. (मैसर्स प्लेबॉक्स टेक्नोलॉजीस इंडिया प्रा. लि.) PAN:AAECP8618G | 1. राहुल पूरी डी.आई.एन.: 00276463<br>2. राजीव पूरी डी.आई.एन 00276230 | 17.03.2020 |

इस संबंध में, इस नोटिस के माध्यम से उपर्युक्त कंपनियों के प्रमुख अधिकारियों/निदेशकों को इसके द्वारा सूचित किया जाता है और यह अनुरोध किया जाता है कि वे अपने से संबंधित मामलों में सुनवाई की उपर्युक्त तारीखों पर माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (NCLT) के समक्ष उपस्थित हों। ध्यान दें कि उपर्युक्त वर्णित तारीखों पर आपके उपस्थित न होने पर आपकी अनुपस्थिति में मामले की सुनवाई होगी और निर्णय लिया जाएगा।

भवदीय

हस्ता/-

(अमर जीवन)

आयकर अधिकारी (न्यायिक)-3, नई दिल्ली

davp 15403/11/0027/1920


www.readwhere.com

# आरक्षण के मुद्दे पर अध्यादेश लाए सरकार : पासवान

नई दिल्ली, 14 फरवरी (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने शुक्रवार को कहा कि अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के लिए नौकरियों में आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले में 'सुधार' के लिए सरकार को एक अध्यादेश लाना चाहिए। साथ ही, इस तरह के सभी मुद्दों को संविधान की 'नौवीं अनुसूची' में डाल देना चाहिए ताकि उन्हें 'न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर रखा जा सके'।

**आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का मामला**

पासवान ने कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ एक पुनर्विचार याचिका दायर करने और इस विषय पर कानूनी राय लेने पर विचार कर रही है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, 'पुनर्विचार याचिका का विकल्प है लेकिन यह विषय फिर से न्यायालय में जाएगा, यह देखना होगा कि यह सफल होता है या नहीं। इसलिए, मेरे विचार से आसान तरीका एक अध्यादेश जारी करना और संविधान में संशोधन करना होगा।' लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) नेता की यह टिप्पणी राजनीतिक भूचाल ला देने वाले शीर्ष न्यायालय के एक हालिया फैसले पर आई है। बताते चलें कि शीर्ष न्यायालय ने कहा था कि राज्य सरकारें एससी और एसटी समुदायों को नियुक्तियों में आरक्षण मुहैया करने के लिए बाध्य नहीं हैं तथा पदोन्नति में आरक्षण का दावा करने के लिए कोई मूल अधिकार नहीं है। पासवान ने कहा, 'यह संविधान का हिस्सा है और लोगों को यह आपत्ति है कि यह फैसला एससी/एसटी के हितों के खिलाफ है।' उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं जन वितरण मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले में सुधार के लिए एक अध्यादेश लाया जाना चाहिए और संविधान में संशोधन करना चाहिए। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि संसद के सत्र में नहीं रहने के दौरान अध्यादेश लाया जा सकता है।

# भजन सुनने भालुओं का दल आता है साधु के पास



खड़ाखोह के जंगल में सोन नदी के समीप राजमाड़ा में 2003 से कुटिया बनाकर रह रहे हैं साधु, प्रसाद लेने के बाद वापस चला जाता है जंगल

शहडोल (मप्र), 14 फरवरी (भाषा)।

मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में घने जंगलों के बीच कुटिया बनाकर रहने वाले एक साधु के पास उनके भजन की मधुर ध्वनि से आकर्षित होकर भालू आते हैं और उसे आसपास की जगह में चुपचाप बैठकर सुनते हैं। ये सभी भालू भजन के दौरान खामोशी से साधु के आस-पास बैठ जाते हैं और भजन पूरा होने पर प्रसाद लेने के बाद वापस चले जाते हैं।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा में जैतपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत खड़ाखोह के जंगल में सोन नदी के समीप राजमाड़ा में सीताराम साधु 2003 से कुटिया बनाकर रह रहे हैं। साधु ने बताया कि जंगल में कुटिया बनाने के बाद उन्होंने वहां प्रतिदिन रामधुन के साथ ही पूजा पाठ शुरू किया। एक दिन जब वह भजन में लीन थे तभी उन्होंने देखा कि दो भालू उनके समीप आकर बैठे हुए हैं और खामोशी से भजन सुन रहे हैं।

उन्होंने बताया कि यह देखकर वह सहम गए लेकिन उन्होंने जब देखा कि भालू खामोशी से बैठे हैं और किसी तरह की हरकत नहीं कर रहे हैं तो उन्होंने उक्त भालूओं को भजन के बाद प्रसाद दिया। प्रसाद लेने के कुछ देर बाद भालू वापस जंगल में चले गए।

सीताराम ने बताया कि बस उस दिन से भजन के दौरान भालुओं के आने का जो सिलसिला शुरू हुआ तो वह आज तक जारी है। उन्होंने बताया कि भालुओं ने आज तक उन्हें किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। इतना ही नहीं जब भी भालू आते हैं तो कुटिया के बाहर परिसर में ही बैठे रहते हैं और कभी भालुओं ने कुटिया के अंदर प्रवेश कर नहीं किया।

उन्होंने बताया कि फिलहाल इस वक्त एक नर और मादा भालू के साथ उनके दो शावक भी आ रहे हैं। सीताराम ने बताया कि भालुओं से उनका अपनापन इस तरह का हो गया है कि उन्होंने उनका नामकरण भी कर दिया है। उन्होंने बताया कि नर भालू को लाला और मादा को लल्ली के साथ ही शावकों को चुन्नू और मुन्नू का नाम दिया है।

वनविभाग के जेतपुर परिक्षेत्र के रेंजर सलीम खान ने भालुओं के वहां आने पुष्टि करते हुए कहा कि सीताराम के भजन गाने के दौरान कुछ भालू उनके आस पास जमा हो जाते हैं और अब तक भालुओं ने किसी को नुकसान भी नहीं पहुंचाया है।

# कांग्रेस घोषणा पत्र के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई टली

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

सुप्रीम कोर्ट ने 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को अनुचित और आदर्श आचार संहिता के खिलाफ घोषित कराने के लिए दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई स्थगित कर दी। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत के पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई दो हफ्ते के लिए उस वक्त स्थगित कर दी जब उसे सूचित किया गया कि सह-याचिकाकर्ताओं में से एक को व्यक्तिगत रूप से बहस करने की रजिस्ट्री ने अनुमति नहीं दी है।

कांग्रेस घोषणा पत्र के खिलाफ आदर्श कुमार अग्रवाल और डाक्टर सीमा जैन ने यह याचिका दायर की है। इसमें कांग्रेस के घोषणा पत्र को अनुचित और आदर्श आचार संहिता के खिलाफ घोषित करने और पार्टी के खिलाफ कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

# पत्नी की हत्या, पति समेत दो आरोपी गिरफ्तार

देहरादून, 14 फरवरी (भाषा)।

उत्तराखंड के कुमाउं क्षेत्र के जंगल में कुछ दिन पहले जली अवस्था में मिले शव की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लेने का दावा किया है। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मीणा ने बताया कि मामले की तह तक पहुंचने के लिए पुलिस को 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालने पड़े। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों- रविंदर और कुलदीप- को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले के अनुसार, ग्रामीणों ने जंगल में बुरी तरह जला शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने उस ओर जाने वाली सड़क की सीसीटीवी फुटेज तलाशी और उन्हें वहां रात में एक कार गुजरती दिखाई दी। उस कार का नंबर लेकर जब उसके मालिक की खोज की गई तो वह हल्द्वानी का रहने वाला निकला।

उससे पूछताछ में पता चला कि घटना वाली रात उसने अपनी कार दिल्ली निवासी अपने रिश्तेदार कुलदीप को दी थी। उसके बताए पते पर पुलिस दिल्ली पहुंची और कुलदीप से पूछताछ की। उसने बताया कि जंगल में मिली लाश पंजाब के फिरोजपुर के रहने वाले उसके दोस्त रविंदर पाल सिंह की पत्नी अनिता सिंह की है और उसकी हत्या करने के बाद उसका शव ठिकाने लगाने में उसने रविंदर का साथ दिया था।

पूछताछ में उसने बताया कि रविंदर को अनिता का किसी और से प्रेम संबंध होने का शक था और इसलिए उसने हत्या की साजिश रची। उन्होंने बताया कि रविंदर 30 जनवरी को अनिता को अपने साथ कालाढूंगी लाया और चाय में उसे नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया जिसके बाद वह बेहोश हो गई। इसके बाद रविंदर और कुलदीप ने उसका गला घोंट दिया।

# बागपत में कॉलेज प्रबंधक को गोली मारी, मौत

बागपत, 14 फरवरी (भाषा)।

बागपत में शुक्रवार दोपहर को एक कॉलेज के तीन युवकों ने कॉलेज प्रबंधक को सरेआम गोली मार दी। घायल प्रबंधक को स्थानीय निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया, हालांकि रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है।



पुलिस अधीक्षक (एसपी) बागपत प्रताप गोपेन्द्र यादव ने घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया, जनपद के मल्लापुर निवासी गुलवीर सिंह (33) बड़ौत में हिमालय कॉलेज के प्रबंधक थे। शुक्रवार दोपहर जब वह कॉलेज में अपने कक्ष में बैठे थे, तभी बीए प्रथम वर्ष का एक छात्र अपने दो साथियों के साथ उनसे मिलने पहुंचा। कुछ देर बातचीत के बाद जब प्रबंधक छात्रों के साथ कॉलेज परिसर की तरफ मुड़े तभी कक्ष के दरवाजे पर हमलावरों ने उनके सीने में गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। एसपी के अनुसार मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। अब तक मृतक के परिजन अथवा कॉलेज प्रबंधन की ओर से पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है।

# हत्यारे पड़ोसी को पांच साल की सजा

ठाणे, 14 फरवरी (भाषा)

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने भिवंडी के निवासी 35 वर्षीय एक व्यक्ति को उसके पड़ोसी की हत्या करने का दोषी करार देते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

जिला न्यायाधीश राजेश एस गुप्ता ने गुरुवार को जारी एक एक आदेश में संतोष सूर्यवंशी को हत्या का दोषी मानते हुए पांच साल कारावास की सजा दी। अदालत ने दोषी पर बीस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। अभियोजक वर्षा चंदाने ने अदालत को बताया कि दोषी सूर्यवंशी और मृतक धीरज गौड़ (24) ठाणे जिले के भिवंडी के चरणीपाड़ा के निवासी थे। अक्तूबर 2010 में सूर्यवंशी ने गौड़ को अपनी बहन से बात करते हुए देखा था और जिससे वह गुस्से से भर गया था। बाद में सूर्यवंशी ने दो लोगों के साथ मिलकर गौड़ को डंडे से पीटा जिसके कारण गौड़ की मौत हो गई।

# फर्जी दस्तावेज के आधार पर कृषि भूमि खरीदने का आरोपी बिल्डर गिरफ्तार

ठाणे (महाराष्ट्र), 14 फरवरी (भाषा)।

नवी मुंबई के एक बिल्डर को फर्जी दस्तावेज के आधार पर न्हावा शेवा में 80 करोड़ रुपए की कृषि भूमि खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

नवी मुंबई के पुलिस उपायुक्त अशोक दुधे ने शुक्रवार को बताया कि अपराध में संलिप्तता को लेकर बिल्डर भूपेंद्र शाह और लातूर से सेवारत ग्राम तालथी (स्थानीय राजस्व अधिकारी) समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शाह भूमि राज ग्रुप का संस्थापक और सीएमडी है। उसने लातूर में अन्य आरोपी से संपर्क कर उसके साथ मिलकर खुद को किसान बताने वाला फर्जी दस्तावेज बनाए। उन्होंने बताया कि इन्हीं फर्जी दस्तावेज को लातूर में तहसीलदार के कार्यालय में दिखा कर शाह ने खुद को किसान बताने वाला प्रमाण पत्र हासिल कर लिया और न्हावा शेवा में करोड़ों रुपए की जमीन खरीद ली।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस मामले में जांच कर रही है और यह पता लगा रही है कि फर्जी दस्तावेज किसने तैयार किए व मामले में शामिल अन्य बिचौलियों का भी पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बिल्डर को 15 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

बांदा, 14 फरवरी (भाषा)।

जिले के तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेंदा घाट में ट्रक की टक्कर लगने से साइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई।

तिंदवारी थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) नीरज कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि बेंदा गांव का युवक सूरज निषाद बृहस्पतिवार को यमुना नदी की रेता में अपनी सब्जी की बाड़ी में काम करके साइकिल से अपने घर जा रहा था। तभी बांदा से फतेहपुर जा रहे एक ट्रक ने यमुना पुल के पास उसे कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस और ग्रामीणों ने ट्रक का पीछा किया, लेकिन वह भाग निकला। मृतक की मां की तहरीर पर अज्ञात ट्रक और उसके चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात ट्रक और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# तोपखाने में हुए विस्फोट में एक की मौत

मुंबई, 14 फरवरी (भाषा)।

महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के कर्जुने खरे सैन्य क्षेत्र में शुक्रवार को एक तोपखाने में विस्फोट होने से 56 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना दिन के सवा 11 बजे हुई।

अधिकारी ने बताया, मृतक भीवा साधु गायकवाड़ सुरक्षा क्षेत्र में घुसकर गोलाबारी अभ्यास के दौरान टैंकों से दागे गए तोपों के गोले एकत्र कर रहा था। अधिकारी ने कहा, कचरा इकट्ठा करते समय गायकवाड़ ने एक तोप का गोला उठा लिया और उसमें विस्फोट हो गया। गायकवाड़ गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने कहा कि अहमदनगर के एमआइडीसी पुलिस थाने में दुर्घटना में मौत का मामला दर्ज किया गया है। लगभग 30,000 एकड़ में फैले इस सैन्य क्षेत्र में देश में सैन्य टैंकों का सबसे बड़ा संग्रह है। गांव क्षेत्र से लगभग 1.5 किलोमीटर दूर है। पुलिस के अनुसार पिछले साढ़े तीन साल में इस क्षेत्र में इस तरह के विस्फोट में किसी ग्रामीण की मौत की यह चौथी घटना है।

# फिर टला बेहमई सामूहिक हत्याकांड का फैसला

कानपुर, 14 फरवरी (भाषा)।

देश को झकझोर देने वाले बेहमई सामूहिक हत्याकांड मामले में अदालत का फैसला एक बार फिर टल गया है और अब इस पर 26 फरवरी को निर्णय सुनाए जाने की संभावना है।

जिला शासकीय अभियोजन अधिकारी राजू पोरवाल ने शुक्रवार को बताया कि बेहमई कांड मामले में निर्णय सुनाने की तारीख केस डायरी मौजूद नहीं होने की वजह से शुक्रवार को फिर तय नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि अदालत ने इस मामले को 26 फरवरी के लिए सूचीबद्ध किया और पुलिस को उस तारीख को केस डायरी अदालत में पेश करने का सख्त निर्देश दिया।

**अब 26 फरवरी को निर्णय सुनाए जाने की संभावना**

पोरवाल ने बताया कि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह फैसला सुनाने के लिए मामले को सूचीबद्ध करने से पहले गायब हुई केस डायरी से संबंधित दलीलें सुनेगी। उन्होंने बताया कि कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक ने विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) को पत्र लिखकर केस डायरी पेश करने के लिए कुछ और समय देने का आग्रह किया है। उनकी इस गुजारिश को मानते हुए विशेष अदालत ने केस डायरी ढूंढ़ने के लिए पुलिस को दो हफ्ते का समय दिया है।

साथ ही इसे 26 फरवरी से पहले अदालत में पेश करने को कहा है। इससे पहले 18 जनवरी को विशेष न्यायाधीश सुधीर कुमार ने अदालत के कर्मियों को असली केस डायरी पेश नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी।

कानपुर देहात के बेहमई गांव में 14 फरवरी, 1981 को फूलन देवी और उसके साथियों ने ठाकुर बिरादरी के 20 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले की मुख्य आरोपी फूलन देवी की 2001 में हत्या कर दी गई थी। अदालत इस मामले के चार आरोपियों- पोषा, भीखा, विश्वनाथ और श्याम बाबू की किस्मत का निर्णय करेगी।

# कोई राइफल गायब नहीं : केरल पुलिस

तिरुवनंतपुरम, 14 फरवरी (भाषा)।

केरल पुलिस ने कहा है कि उनकी कोई भी राइफल गायब नहीं हुई है। एक दिन पहले कैग की लेखा रिपोर्ट में यहां विशेष सशस्त्र पुलिस बटालियन (एसएपीबी) के पास 25 इन्सास राइफल और 12,061 कारतूस कम पाए गए थे। इस बीच विपक्षी कांग्रेस और भाजपा ने इस मुद्दे को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए पुलिस प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नियंत्रक व महालेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि एसएपीबी के बेल ऑफ आर्म्स (ऐसे तंबू जहां हथियार रखे जाते हैं) के सहायक कमांडेंट के साथ संयुक्त सत्यापन में 12,061 कारतूस गायब मिले। राज्य पुलिस मीडिया केंद्र की ओर से जारी एक वक्तव्य में गुरुवार को कहा गया कि कैग रिपोर्ट के मुताबिक 25 इन्सास राइफलें कथित तौर पर गायब हैं। अपराध शाखा की अब तक की जांच में पता चला है कि एक भी इन्सास राइफल गायब नहीं है। इसमें आगे कहा गया कि अपराध शाखा विशेष सशस्त्र पुलिस (एसएपी) को जारी किए गए सभी हथियारों का फिर से भौतिक सत्यापन कर रही है।

कैग ने दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए वीवीआइपी सुरक्षा के लिए बुलेट प्रूफ वाहन की खरीद करने के लिए राज्य पुलिस प्रमुख डीजीपी लोकनाथ बेहेरा पर नाराजगी जाहिर की। 31 मार्च, 2018 को खत्म हुए वित्त वर्ष के लिए अपने सामान्य और सामाजिक क्षेत्र की रिपोर्ट में कैग ने कहा था कि 9एमएम के 250 ड्रिल कारतूस कम हैं और इसे छिपाने के लिए उनकी जगह डमी कारतूस रखे गए। एलडीएफ सरकार पर नाराजगी जाहिर करते हुए विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा कि डीजीपी और राज्य पुलिस के खिलाफ लगे आरोपों से मुख्यमंत्री पिनराई विजयन बचाव मुद्रा में आ गए हैं, क्योंकि गृह मंत्रालय उनके अधीन है।

उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि तो क्या इसका मतलब यह है कि मुख्यमंत्री इन मामलों से अनभिज्ञ थे? यह पता लगाना होगा कि गायब राइफल और गोला-बारूद चरमपंथी संगठनों को तो नहीं दे दिए गए। केरल के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुल्लापल्ली रामचंद्रन ने मुख्यमंत्री विजयन और राज्य के पुलिस प्रमुख से इस्तीफा मांगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सीबीआइ जांच से सच सामने नहीं आएगा, क्योंकि बेहेरा केंद्र सरकार के करीबी हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता रमेश चेन्निथला ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बेहेरा को पद से हटाने की मांग की।

उन्होंने लिखा कि बेहेरा के खिलाफ सीबीआइ जांच और राइफलों व कारतूसों के गायब होने की जांच एनआइए से करवाए जाने की जरूरत है।


• GLOBAL GENERICS • DIAGNOSTICS • FORMULATIONS • SELF HEALTH PRODUCTS

MOREPEN
The Joy Of Growing Together

MOREPEN LABORATORIES LIMITED

(CIN: L24231HP1984PLC006028)

**Regd. Office :** Morepen Village, Nalagarh Road, Near Baddi, Distt. Solan (H.P.)

Tel: +91-1795-266401-03, 244590, Fax: +91-1795-244591,

Website: **www.morepen.com**, Email: **investors@morepen.com**

**Extract of Statement of Unaudited Consolidated Financial Results For the Quarter & Nine Months Ended 31st December, 2019**

(Rs.in Lakhs, except per share data)

| Sl. No. | Particulars | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | | 31.12.2019 | 31.12.2018 | 31.12.2019 | 31.12.2018 | 31.03.2019 |
| | | (Unaudited) | | | | (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 23465.91 | 21458.93 | 65416.30 | 55246.55 | 77221.02 |
| 2 | Net Profit for the period before Tax | 1082.57 | 903.80 | 2774.49 | 1847.48 | 2917.67 |
| 3 | Net Profit for the period after Tax | 1081.68 | 891.26 | 2255.78 | 1834.94 | 2884.04 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax) | 1025.76 | 716.01 | 2074.64 | 1721.60 | 2715.12 |
| 5 | Paid-up Equity Share Capital of Face Value of Rs.2/- each | 8995.86 | 8995.86 | 8995.86 | 8995.86 | 8995.86 |
| 6 | Reserves excluding Revaluation Reserve | | | | | 16313.42 |
| 7 | Earning Per Share (in Rs.) | | | | | |
| | Basic & Diluted | 0.24 | 0.20 | 0.50 | 0.41 | 0.64 |

**Note:-**

A The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results is available on the Stock Exchange's websites **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com** and on the Company's website **www.morepen.com**.

B. Additional Information on Standalone financial results is as follows:-

(Rs.in Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2019 | 31.12.2018 | 31.12.2019 | 31.12.2018 | 31.03.2019 |
| | | (Unaudited) | | | | (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 21808.93 | 20075.83 | 61053.19 | 51381.45 | 72091.47 |
| 2 | Net Profit for the period before Tax | 990.66 | 973.81 | 2800.36 | 1939.25 | 2861.36 |
| 3 | Net Profit for the period after Tax | 990.66 | 973.81 | 2285.49 | 1939.25 | 2861.36 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | 935.15 | 803.76 | 2110.52 | 1823.61 | 2689.54 |

**For and on behalf of the Board of Directors**

Sd/-

**Place : New Delhi** **(Sushil Suri)**
**Date : February 14, 2020** **Chairman & Managing Director**


www.readwhere.com

## खबर कोना



रिवेरा कंट्री क्लब में जेनेसिस गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान शॉट लगाते मैट कूचर।

### भारतीय पुरुष टीम ने थाईलैंड को हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया

मनीला (फिलीपींस), 14 फरवरी (भाषा)।

भारतीय पुरुष टीम ने शुक्रवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में थाईलैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत से सेमी फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत और बी साई प्रणीत को पहले दो एकल मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा लेकिन भारत ने अगले तीन मुकाबलों में वापसी करते हुए जीत हासिल की। इसमें एक एकल और दो युगल मुकाबले शामिल थे। इस तरह भारत ने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड को हराकर सेमी फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना दो बार की गत चैंपियन इंडोनेशिया से होगा। पुरुष टीम ने पिछला पदक हैदराबाद में 2016 चरण में कांस्य पदक के रूप में जीता था। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदकधारी बी साई प्रणीत सबसे पहले उतरे, लेकिन उनका प्रयास सफल नहीं हो सका और वह दुनिया के 12वें नंबर के कंटाफोन वांगचारोएन से 14-21, 21-14, 12-21 से हार गए।

### कोरोना वायरस संक्रमण के कारण रद्द नहीं होगा ओलंपिक : अधिकारी

तोक्यो, 14 फरवरी (एएफपी)।

ओलंपिक आयोजन से जुड़े प्रमुख अधिकारी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) से मिले निर्देशों के मुताबिक तोक्यो ओलंपिक को रद्द करने या दूसरी जगह स्थानांतरण लिए कोई आकस्मिक योजना नहीं बनाई गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले से निपटने के लिए हालांकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ऐसी सूचनाएं प्रसारित करेगी जिसमें बताया जाएगा कि चीन से आए खिलाड़ियों के संपर्क में आने से कोई समस्या नहीं है। आइओसी सदस्य जॉन कोट्स ने यहां समीक्षा बैठक के बाद कहा कि डब्लूएचओ ने हमें जो निर्देश दिया है। उसके मुताबिक हमने इन खेलों को रद्द करने या कहीं और स्थानांतरण करने की कोई आकस्मिक योजना नहीं बनाई है। चीन से इन खेलों के लिए आ रहे 600 से अधिक खिलाड़ियों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि हमें बड़े स्तर पर संचार कार्य करने की जरूरत है।

### आइपीएल के 13वें संस्करण में दिखेगा आरसीबी का नया लोगो

नई दिल्ली, 14 फरवरी (भाषा)।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु (आरसीबी) ने भारतीय प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 29 मार्च से शुरू हो रहे नए सत्र से पहले शुक्रवार को अपना नया लोगो प्रदर्शित किया। आरसीबी ने कहा कि नए लोगो में शेर के प्रतीक का इस्तेमाल किया गया है और यह टीम के भयमुक्त तथा उन्मुक्त रवैये को प्रतिबिंबित करता है।

# 'जरूरत पड़ने पर पारी की शुरुआत करने को तैयार'

हैमिल्टन, 14 फरवरी (भाषा)।

न्यूजीलैंड एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच के पहले दिन दोयम दर्जे के गेंदबाजी आक्रमण के सामने भारत के सलामी बल्लेबाजों की कलई खुल गई। इसके बाद हनुमा विहारी ने शुक्रवार को कहा कि टीम प्रबंधन अगर उनसे कहता है तो वह पारी की शुरुआत करने को तैयार हैं।

अभ्यास मैच में छठे नंबर पर उतरे विहारी ने शतक जमाया लेकिन मयंक अग्रवाल, पृथ्वी साव और शुभमन गिल जल्दी आउट हो गए। तीनों विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाजों की नाकामी के बाद सवाल उठने लगे हैं कि वे नील वेगनेर, ट्रेंट बोल्ट और मैट हेनरी का सामना कैसे करेंगे।

विहारी ने कहा कि एक खिलाड़ी के तौर पर मैं किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। मुझे अभी कुछ बताया नहीं गया है। मैंने पहले भी कहा है कि टीम की जरूरत के मुताबिक बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं।

# टी-20 खेल पर धब्बा : टर्नर

हैमिल्टन, 14 फरवरी (भाषा)।

> टर्नर ने कहा कि मेरे पास टी-20 क्रिकेट के लिए बिल्कुल समय नहीं है। यह खेल पर धब्बा है। पचास ओवरों के मैच में खेल होता है।

ग्लेन टर्नर को हैरानी है कि मौजूदा श्रृंखला में भारत के पास जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में शानदार तेज आक्रमण होते हुए भी मेजबान का पलड़ा भारी लग रहा है। टर्नर को उम्मीद है कि बुमराह और मोहम्मद शमी 21 फरवरी से शुरू हो रही टैस्ट श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने साथ ही टी-20 क्रिकेट को खेल पर धब्बा बताते हुए कहा कि इसके लिए उनके पास समय नहीं है। पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला 5-0 से जीतने के बाद भारत ने वनडे श्रृंखला 0-3 से गंवा दी। टर्नर ने कहा कि मेरे पास टी-20 क्रिकेट के लिए बिल्कुल समय नहीं है। यह खेल पर धब्बा है। पचास ओवरों के मैच में खेल होता है। मुझे लगता है कि दोनों टीमों के गेंदबाजों ने काफी निराश किया। उन्होंने कहा कि इस समय न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी लग रहा है लेकिन मैं हैरान हूं। मुझे समझ नहीं आ रहा कि भारतीय टीम का प्रदर्शन वनडे श्रृंखला में बेहतर क्यों नहीं रहा।

### न्यूजीलैंड एकादश से अभ्यास मैच में नाकाम रहे शीर्ष बल्लेबाज

# विहारी-पुजारा ने भारत को संभाला

हैमिल्टन, 14 फरवरी (भाषा)।

हनुमा विहारी के शतक और चेतेश्वर पुजारा के 92 रन की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच के पहले दिन 263 रन बनाए। तीनों विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (एक), पृथ्वी साव (0) और शुभमन गिल (0) तेज और उछालभरी पिच पर नाकाम रहे। कप्तान विराट कोहली ने अभ्यास मैच की बजाए नेट अभ्यास को तरजीह दी। विहारी (101 रिटायर्ड) और पुजारा को छोड़कर कोई बल्लेबाज 20 रन भी नहीं बना सका।

तीनों विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज बुरी तरह नाकाम रहे। साव और गिल अतिरिक्त उछाल का सामना नहीं कर पाए जबकि अग्रवाल सीम के शिकार हुए। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज स्कॉट कुग्लेन ने 40 रन देकर तीन विकेट लिए और भारत को अच्छी शुरुआत नहीं करने दी। कुग्लेन ने साव को शरीर पर आती गेंद डालकर शॉर्टलेग में रचिन रविंद्र के हाथों कैच आउट कराया।

अग्रवाल ने विकेट के पीछे डेन क्लीवेर को कैच थमाया। वहीं कोहली की गैर मौजूदगी में चौथे नंबर पर आए गिल ने गली में कैच दिया। उस समय भारत का स्कोर पांच रन पर तीन विकेट था। अजिंक्य रहाणे (18) पहले घंटे में ही अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद विहारी और पुजारा ने 195 रन की साझेदारी की।





शतकीय पारी खेलने के बाद अभिवादन करते हनुमा विहारी साथ में चेतेश्वर पुजारा।

कुग्लेन और ब्लेयर टिकनेर का पहला स्पैल निकल जाने के बाद दूसरे और तीसरे सत्र में उन्होंने आराम से बल्लेबाजी की। पुजारा ने स्पिनर ईश सोढ़ी को लांग लेग के ऊपर छक्का लगाया जबकि विहारी ने बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र को तीन चौके जड़े। पुजारा आखिरी सत्र में गिब्सन का शिकार हुए जबकि विहारी ने इस बीच अपना शतक पूरा किया। भारत ने आखिरी छह विकेट 30 रन के भीतर गंवाए। ऋषभ पंत एक बार फिर गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर सोढ़ी की गेंद पर एक्स्ट्रा कवर में कैच देकर लौटे।

**भारत पहली पारी** : पृथ्वी साव का रविंद्र बो कुग्लेन 0, मयंक अग्रवाल का क्लीवेर बो कुग्लेन 1, चेतेश्वर पुजारा का क्लीवेर बो गिब्सन 92, शुभमन गिल का सीफर्ट बो कुग्लेन 0, अजिंक्य रहाणे का ब्रूस बो नीशम 18, हनुमा विहारी रिटायर्ड 101, ऋषभ पंत का कुग्लेन बो सोढ़ी 7, ऋधिमान साहा का क्लीवेर बो गिब्सन 0, रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो सोढ़ी 0, उमेश यादव नाबाद 9, रविंद्र जडेजा का एलेन बो सोढ़ी 8

**गेंदबाजी** : कुग्लेन 14-2-40-3, टिकनेर 15-3-37-0, मिशेल 7-1-15-0, नीशम 13-3-28-1, गिब्सन 10-1-26-2, सोढ़ी 14.5-0-72-3, रविंद्र 5-1-30-0

# रणजी ट्रॉफी : जयंत ने झटके सात विकेट, जीत से 121 रन दूर हरियाणा

जम्मू, 14 फरवरी (भाषा)।

जयंत यादव के सात विकेट झटकने से हरियाणा की टीम ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन जीत की दौड़ में वापसी की। इस स्पिनर ने करिअर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 58 रन देकर सात विकेट हासिल किए। इससे घरेलू टीम 174 रन पर सिमट गई और हरियाणा को जीत के लिए 224 रन का लक्ष्य मिला।

हालांकि घरेलू टीम ने पांच विकेट झटक कर स्टंप तक हरियाणा का स्कोर पांच विकेट पर 103 रन कर दिया जिससे उसे जीत के लिए अब भी 121 रन की दरकार है। जम्मू कश्मीर ने 340 रन बनाने के बाद हरियाणा को 291 रन पर समेटकर पहली पारी में बढ़त हासिल की थी।



पंजाब के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनाते बंगाल के खिलाड़ी।

घरेलू टीम दूसरी पारी में अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सकी जिसके लिए सलामी बल्लेबाज सूर्यांश रैना (38) और जियाद माग्रे (16) ने 55 रन की भागीदारी निभाई। इसके बाद यादव ने विकेट झटकने का सिलसिला शुरू किया। उन्होंने रैना, शुभम खजूरिया (09) और शुभम पुंडीर (12) के अहम विकेट चटकाए।

गुवाहाटी में त्रिपुरा ने स्टंप तक पांच विकेट गंवाकर 76 रन बना लिए हैं और मिलिंद कुमार 36 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। पहली पारी में 497 रन बनाने वाली त्रिपुरा की इससे कुल बढ़त 290 रन की हो गई है जिसने असम को पहली पारी में 283 रन पर समेट दिया था।

# गद्दाफी स्टेडियम पर लौटे संगकारा

लाहौर, 14 फरवरी (एएफपी)।

> संगकारा को उस हमले में कंधे में चोट लगी थी और गोली उनके सिर के पास से निकल गई थी। श्रीलंकाई क्रिकेटर टीम बस में नीचे लेट गए थे।

ग्यारह बरस पहले लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम के बाहर आतंकवादी हमले में घायल हुए श्रीलंका के बल्लेबाज कुमार संगकारा एक बार फिर इसी मैदान पर खेलने को तैयार हैं। वे पाकिस्तान क्रिकेट को हाशिए पर धकेलने वाले इस हमले के बाद शुक्रवार को पहली बार उसी मैदान पर लौटे।

मार्च 2009 के आतंकवादी हमले में आठ लोग मारे गए थे। उसके बाद से पाकिस्तान क्रिकेट अलग थलग पड़ गया चूंकि टीमों ने सुरक्षा कारणों से यहां खेलने से इनकार कर दिया था। संगकारा इंग्लैंड की एमसीसी टीम के कप्तान हैं जो लाहौर में चार मैच खेलेगी।

संगकारा को उस हमले में कंधे में चोट लगी थी और गोली उनके सिर के पास से निकल गई थी। श्रीलंकाई क्रिकेटर टीम बस में नीचे लेट गए थे। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष संगकारा ने कहा कि पाकिस्तान धीरे-धीरे क्रिकेट खेलने के लिए सामान्य हो रहा है।

उन्होंने यहां पहुंचने के बाद कहा कि दुनिया भर में सुरक्षा का मसला अहम हो गया है। पिछले कुछ साल में पाकिस्तान ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जो कदम उठाए हैं, उससे टीमों में यहां खेलने को लेकर आत्मविश्वास पैदा हुआ है। पिछले दो दशक में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार संगकारा ने कहा कि लाहौर में खेलने से सकारात्मक संकेत जाएगा। उन्होंने कहा कि संकेत देने का सबसे अच्छा तरीका मैदान पर अच्छा खेल दिखाना होगा। मुझे खुशी है कि हम अपनी ओर से कोशिश कर पा रहे हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान का प्रस्तावित दौरा रद्द किया

जोहानिसबर्ग, 14 फरवरी (भाषा)।

> भारत दौरे के बाद अगले महीने प्रस्तावित तीन टी-20 मैचों के चलते कार्यभार का दिया हवाला

दक्षिण अफ्रीका ने खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन का हवाला देकर भारत दौरे के बाद अगले महीने प्रस्तावित तीन टी-20 मैचों के लिए पाकिस्तान दौरे को रद्द कर दिया। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक इस दौरे का आयोजन बाद में किसी ऐसे समय किया जाएगा जो क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के लिए उपयुक्त हो।

दक्षिण अफ्रीका को भारत दौरे पर 12 से 18 मार्च तक तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेलने के बाद पाकिस्तान का दौरा करना था। यहां रावलपिंडी में उसे तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला में भाग लेना था। दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड से चार मैचों की टैस्ट और तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के बाद अब टी-20 श्रृंखला खेल रही है।

टीम को इसके बाद आस्ट्रेलिया की मेजबानी करनी है जहां तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के अलावा इतने ही टैस्ट मैच खेले जाने है। इस श्रृंखला के आखिरी मैच और भारत दौरे पर खेले जाने वाले पहले मुकाबले के बीच सिर्फ एक सप्ताह से कम समय है।

# पेले ने कहा, सेहत में हो रहा सुधार

रियो डी जिनेरियो, 14 फरवरी (एएफपी)।

फुटबॉल के महान खिलाड़ी पेले ने प्रशंसकों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। पेले ने एक बयान में कहा कि आप सभी की चिंताओं और प्रार्थनाओं के लिए आभार। मेरी सेहत में सुधार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मैं इस वर्ष 80 साल का हो जाऊंगा। पेले को सर्वकालिक महान फुटबॉल खिलाड़ी कहा जाता है। उनके बेटे एडिन्हो ने कुछ रोज पहले कहा था कि वह (पेले) तनाव से ग्रसित हैं और घर से यदा-कदा ही बाहर निकलते हैं। इसके बाद पेले के स्वास्थ्य को लेकर प्रशंसकों में चिंता थी।

# गुजराती, हरिकृष्ण ने प्राग शतरंज में ड्रॉ खेला

प्राग, 14 फरवरी (भाषा)।

भारत के विदित संतोष गुजराती और पी हरिकृष्ण ने यहां प्राग शतरंज महोत्सव की मास्टर्स स्पर्धा में ड्रॉ खेलकर आधे-आधे अंक हासिल किए। जीएम गुजराती पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद फिडे सूची में दूसरे सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्हें गुरुवार को स्पेन के डेविड एंटोन गुईजारो के खिलाफ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

वह दो दौर के बाद जॉन क्रिस्तोफ डुडा और निकिता विटियुगोव के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बनाए हुए हैं। हरिकृष्ण ने शीर्ष वरीय पोलैंड के डुडा के खिलाफ कड़ी मशक्कत की और उन्हें 31 चाल के बाद ड्रॉ पर रोक दिया। विश्व के शीर्ष जूनियर खिलाड़ी अलीरेजा फिरौजा और स्वीडन के जीएम निल्स ग्रैंडेलियस ने करीब पांच घंटे तक चली बाजी में 80 चाल में ड्रॉ पर समझौता किया।

# किसी का करिअर संपूर्ण नहीं होता : टेलर

हैमिल्टन, 14 फरवरी (भाषा)।

अपने करिअर का सौवां टैस्ट खेलने जा रहे न्यूजीलैंड के सीनियर बल्लेबाज रोस टेलर ने कहा कि अपनी गलतियों से वह सबक सीखते आए हैं। उनसे अधिक टैस्ट न्यूजीलैंड के लिए सिर्फ स्टीफन फ्लेमिंग, ब्रेंडन मैकुलम और डेनियल विटोरी ने खेले हैं। वह भारत के खिलाफ 21 फरवरी से शुरू हो रहे पहले टैस्ट के जरिए टैस्ट मैचों का शतक पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि किसी का करिअर परफेक्ट नहीं होता। कई बार आप नाकाम रहते हैं। गलतियां और हालात आपको परिपक्व बनाते हैं। यह पूछने पर कि सौ टैस्ट की उनके लिए क्या अहमियत है, उन्होंने कहा कि शायद अब बूढ़ा हो गया हूं। लेकिन मैं अपनी उपलब्धियों से खुश हूं।

टेलर ने कहा कि एक बल्लेबाज के तौर पर क्रिकेट में मैंने कई उतार चढ़ाव देखे हैं। वेलिंगटन की मेरे दिल में खास जगह है। मैं अपने करिअर के आखिर में इन सुनहरी यादों को सहेजकर रखूंगा। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि पहले टैस्ट में जज्बात उन पर हावी होंगे। उन्होंने कहा कि आखिर में तो यह एक मैच ही है जिसमें आपकी कोशिश टीम को जिताने की होती है।


**SpiceJet Limited**

**Regd Office :** Indira Gandhi International Airport, Terminal 1D, New Delhi 110 037

CIN: L51909DL1984PLC288239

E-mail: investors@spicejet.com | Website: www.spicejet.com.Telephone: +91 124 391 3939 | Facsimile: +91 124 391 3888

**Extract of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and period ended December 31, 2019**

(Rupees in millions)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Period ended | | Year ended | Quarter ended | | | Period ended | | Year ended |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| | | 31-Dec-19 | 30-Sept-19 | 31-Dec-18 | 31-Dec-19 | 31-Dec-18 | 31-Mar-19 | 31-Dec-19 | 30-Sept-19 | 31-Dec-18 | 31-Dec-19 | 31-Dec-18 | 31-Mar-19 |
| 1 | Total income from operations | 36,471.3 | 28,455.8 | 24,868.1 | 94,947.8 | 65,820.1 | 91,132.5 | 36,563.6 | 28,483.4 | 24,885.8 | 95,075.5 | 65,868.4 | 91,214.8 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 732.2 | (4,625.8) | 550.8 | (1,276.9) | (3,088.8) | (2,526.2) | 779.7 | (4,612.2) | 644.4 | (1,203.6) | (2,933.8) | (2,389.2) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | 732.2 | (4,625.8) | 550.8 | (1,276.9) | (3,723.5) | (3,160.8) | 779.7 | (4,612.2) | 644.4 | (1,203.6) | (3,568.5) | (3,023.8) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 732.2 | (4,625.8) | 550.8 | (1,276.9) | (3,723.5) | (3,160.8) | 779.7 | (4,612.2) | 644.4 | (1,203.6) | (3,568.5) | (3,024.1) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 734.2 | (4,644.9) | 541.7 | (1,307.5) | (3,729.2) | (3,175.3) | 781.7 | (4,631.2) | 635.3 | (1,234.3) | (3,574.2) | (3,038.6) |
| 6 | Equity share capital | | | | | | 5,997.2 | | | | | | 5,997.2 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the year ended March 31, 2019. | | | | | | (9,503.8) | | | | | | (9,496.8) |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (not annualized) | | | | | | | | | | | | |
| | a) Basic (Rs) | 1.22 | (7.71) | 0.92 | (2.13) | (6.21) | (5.27) | 1.30 | (7.69) | 1.08 | (2.01) | (5.95) | (5.04) |
| | b) Diluted (Rs) | 1.22 | (7.71) | 0.92 | (2.13) | (6.21) | (5.27) | 1.30 | (7.69) | 1.07 | (2.01) | (5.95) | (5.04) |

**Notes:**

1. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and period ended December 31, 2019, filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and period ended December 31,2019 are available on the Company's website www.spicejet.com and on the website of the Stock Exchanges www.bseindia.com.

Place: Gurugram, Haryana
Date: February 14, 2020

**For SpiceJet Limited**
**Sd/-**
**Ajay Singh**
**Chairman and Managing Director**


रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 90, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।
कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com

